**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Need to develop places of historical importance in Jhansi parliamentary constituency, Uttar Pradesh under Swadesh Darshan Scheme -laid.

**श्री अनुराग शर्मा (झांसी):** मेरा संसदीय क्षेत्र झांसी मध्य प्रदेश की सीमा से सटा है । यहाँ दुधई जैन मन्दिर/देवगढ़/रणछोड़ धाम मुचकुंद गुफा/ नीलकण्डेश्वर मन्दिर आदि दर्शनीय स्थल व प्राकृतिक क्षेत्र है । ललितपुर जनपद को बाँधों की नगरी से भी जाना जाता है , यहां बेतवा नदी पर राजघाट, माताटीला, सुकुवां डुकवां बांध अपने आप में सम्यताओं को समेटे हुये है । इस क्षेत्र में पर्यटन के विकास की अपार सम्भावनाएं है । झाँसी जिले के ऐतिहासिक स्थल भारतगढ़ दुर्ग और बालाबेहट के किले के क्रान्ति पथ (झाँसी-ललितपुर) आदि को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाए तो दोनो जिलों में सैलानियों की संख्या में भारी इजाफा हो सकता है|

भारत सरकार का पर्यटन मंत्रालय देश में महत्वपूर्ण पर्यटन अवसंरचना आदि का सतत और समावेशी ढंग से विस्तार कर रहा है ताकि भारत को विश्वस्तरीय पर्यटन गंतव्य बनाया जा सके । इस योजना के अंतर्गत सार्वजनिक सुविधाओं को विकसित करने पर ध्यान केन्दित किया जा रहा है । इनमें अंतिम स्थान तक संपर्क यानि लास्ट माइल क्नेक्टीवीटी, टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर्स, सड़क किनारे सुविधएं, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, लैंडस्केपिंग, पार्किंग आदि की सुविधाएं शामिल है ।

अतः मेरे संसदीय क्षेत्र के उक्त ऐतिहासिक स्थलों को स्वदेश योजना के अंतर्गत विकसित कराने की कृपा करे जिससे कि ऐतिहासिक क्षेत्र झाँसी-ललितपुर के निवासियों को आय के नये संसाधन एव यहाँ का समग्र विकास हो सके ।